### एक नजर में

## खाद व्यवस्था को देखने पहुंचीं एसडीएम

**गुना।** किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने और वितरण व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से आरोन एसडीएम मंजुषा खत्री सोमवार को कृषि उपज मंडी पहुंचीं। उन्होंने मंडी में खाद के स्टॉक, उपलब्धता और वितरण व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम मंजुषा खत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि खाद का वितरण पूरी पारदर्शिता और सुव्यवस्थित ढंग से किया जाए, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी या असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने मांग के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में खाद का भंडारण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। मंडी परिसर की अन्य व्यवस्थाओं को देखते हुए एसडीएम ने स्पष्ट किया कि खाद वितरण से जुड़ी किसी भी समस्या का तत्काल निराकरण किया जाए। इस मौके पर मंडी के अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## जिले में अब तक 114 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**गुना।** जिले में मानसून की सक्रियता के साथ ही बारिश का दौर जारी है। चालू सत्र में 1 जून से 29 जून 2026 की सुबह तक जिले में कुल 114.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है, जो कि यहाँ की सामान्य औसत वर्षा (1053.5 मिमी) का 10.8 प्रतिशत है। पिछले वर्ष इसी अवधि में जिले में 262.2 मिमी औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस अवधि में सर्वाधिक 194.0 मिमी वर्षा चांचौड़ा केंद्र पर दर्ज हुई है। वहीं अन्य केंद्रों की बात करें तो गुना में 54.7 मिमी, बमोरी में 86.8 मिमी, आरोन में 108.0 मिमी, राघौगढ़ में 107.0 मिमी, कुम्भराज में 103.0 मिमी और मक्सूदनगढ़ में 147.2 मिमी बारिश दर्ज की गई है। इसके अलावा, बीते 24 घंटे के दौरान जिले में 35.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई, जिसमें राघौगढ़ में सबसे ज्यादा 64.0 मिमी और आरोन में 50.0 मिमी पानी बरसा है।



## सहरिया कर्मचारी विकास समिति ने किया प्रतिभाओं का सम्मान

नवभारत न्यूज

**गुना।** गुना के अंबेडकर भवन में सहरिया कर्मचारी विकास समिति द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं और 12वीं में उत्कृष्ट अंकों से उत्तीर्ण होने वाले प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शासकीय सेवा में नवीन रूप से चयनित कर्मचारियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गुना जिले के सहरिया समाज के बालक-बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना, उनका उत्साहवर्धन करना और समाज में शिक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुँचाना रहा, ताकि समाज में सकारात्मक सोच और नई ऊर्जा का विकास हो सके। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त कल्याण प्रसाद और तहसील कुंभराज से सेवानिवृत्त कोमल सिंह उपस्थित रहे। समारोह को सफल बनाने में सहरिया कर्मचारी विकास समिति गुना के पदाधिकारी शिवचरण, सोमसिंह, कमलकिशोर, राजकुमार, भूपत सिंह, पवन, जोकम सिंह, बालकिशन, रामस्वरूप, विजय, प्रदीप, मांगीलाल, मेहताब, लालाराम, जगमोहन, इन्द्राज, बाबूलाल, जगदीश, गुरुदयाल, जीवन सिंह और मजबूत सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के दौरान समिति के पदाधिकारियों और उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने सम्मानित विद्यार्थियों और नवचयनित शासकीय कर्मचारियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि युवाओं की यह उपलब्धियां समाज के अन्य बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत साबित होंगी। अंत में सहरिया कर्मचारी विकास समिति गुना ने समाज में शिक्षा, जागरूकता और प्रगति के लिए निरंतर कार्य करने का अपना संकल्प दोहराया।

# शहर के रिहाइशी क्षेत्र में लगा था मौत का खंभा!

## एक गाय और तीन सांडों की दर्दनाक मौत, लोग बोले-सबको पता था, बिजली कंपनी की लापरवाही थी

### गौसेवकों का भी फूटा गुस्सा, सुबह लकीर पीटते नजर आए कंपनी के कर्मचारी

नवभारत न्यूज

**गुना 29 जून का। सालभर मेंटीनेंस के नाम पर कटौती करने वाली बिजली कंपनी की लापरवाही से एक बड़ा हादसा हो गया। शहर के भुल्लनपुरा चौराहे पर बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहां करंट की चपेट में आने से एक गाय और दो सांडों की तड़प-तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद से स्थानीय निवासियों और गौसेवकों में विद्युत विभाग के खिलाफ भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि इस इलाके के हर व्यक्ति को पता था कि चौराहे पर मौत का खंभा लगा हुआ है, जिसमें करंट आ रहा है। बस बिजली कंपनी इससे अनजान थी।**

जानकारी के अनुसार, यह दर्दनाक घटना 28-29 जून की दरमियानी रात लगभग 2 बजे की है। भुल्लनपुरा चौराहे पर लगे एक बिजली के खंभे में अचानक करंट उतर आया। बताया जा रहा है कि



सबसे पहले एक गाय इस खंभे की चपेट में आई थी। उसे तड़पता देख पास ही मौजूद दो सांड उसे बचाने के लिए आगे बढ़े, लेकिन वे भी खंभे में आ रहे तेज करंट की चपेट में आ गए। करंट इतना जोरदार था कि तीनों गोवंशों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सुबह करीब 6 बजे जब स्थानीय लोग सड़कों पर निकले, तो उन्होंने यह भयावह मंजर देखा और तुरंत इसकी सूचना बिजली विभाग व गौसेवकों को दी। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और गौसेवक मौके पर एकत्र हो गए।

उन्होंने बिजली कंपनी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अधिकारियों पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए। हंगामे की स्थिति को देखते हुए बिजली कंपनी के कर्मचारी और अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। एहतियात के तौर पर पूरे इलाके की बिजली सप्लाई बंद कर दी गई है और तकनीकी टीम जांच कर रही है कि आखिर लोहे के खंभे में करंट किस वजह से उतरा।

### काश! हादसे से पहले सतर्क हो जाती बिजली कंपनी

भुल्लनपुरा तिराहे पर सामने आए घटनाक्रम ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी है। दरअसल, जिस जगह हादसा हुआ वह बेहद व्यस्ततम क्षेत्र है। यहां से एक तरफ आरोन तो दूसरी तरफ गुना के जयस्तंभ चौराहे की ओर आगमन होता है। घटनाक्रम की जानकारी मिलने के करीब एक घंटे बाद 7 बजे बिजली कंपनी का एक वाहन मौके पर पहुंचा। तब लोगों का आक्रोश दिखाई दे रहा है।



हालांकि मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने समझाइश दी कि जो कर्मचारी आए हैं उनका कोई दोष नहीं है। लोगों का कहना था कि इस इलाके में बीते दिनों ही कई बार मेंटीनेंस के नाम पर बिजली काटी गई। बीजी रोड, भुल्लनपुरा और औद्योगिक क्षेत्रों में बार-बार मेंटीनेंस बताया जाता है। लेकिन बिजली कंपनी को पता नहीं लगा कि खंभे से करंट आ रहा है। जबकि स्थानीय रहवासी यहां आने वाले कर्मचारियों को मौखिक तौर पर कई बार बता चुके हैं। सबका यही कहना था कि काश बिजली कंपनी हादसे से पहले सतर्कता बरतती तो इतनी बड़ी दुर्घटना सामने नहीं आती।

### हो सकती थी जनहानि

स्थानीय नागरिकों और गौसेवकों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि बिजली कंपनी की लापरवाही के कारण आज तीन बेजुबान गोवंशों की जान चली गई। भुल्लनपुरा एक व्यस्त चौराहा है; अगर सुबह के वक्त कोई नागरिक, राहगीर या छोटा बच्चा इस खंभे के संपर्क में आ जाता, तो बड़ी जनहानि हो सकती थी। लोगों ने मांग की है कि शहर के सभी विद्युत पोलों की तत्काल चेकिंग कराई जाए ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

## कुंभराज में कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

**कुंभराज।** भाजपा मंडल कुंभराज द्वारा आज बूथ क्रमांक 64 विधायक कार्यालय पुराना मंडी ऑफिस में भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित कासट के स्वागत भाषण से शुरू हुआ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें संस्करण का सामूहिक श्रवण किया गया। प्रधानमंत्री ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी रक्षा निर्माण, वैज्ञानिक सोच, जनभागीदारी, पर्यावरण संरक्षण, ईंधन बचत एवं विकसित भारत-2047 के संकल्प को सशक्त बनाने का संदेश दिया।



इस अवसर पर श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के 125वें जयंती वर्ष को समर्पित 'स्मरण पखवाड़ा' के अंतर्गत उनके राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए किए गए अतुलनीय योगदान का स्मरण किया गया। उनके आदर्श हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत हैं। प्रधानमंत्री के संदेशों और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों से प्रेरणा लेकर विकसित, आत्मनिर्भर और समरस भारत के निर्माण में अपना योगदान दें।इस अवसर पर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष ब्रजमोहन मैथिल, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश काकाणी, विकास शर्मा,नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमलेश साहू, नगर परिषद उपाध्यक्ष विक्रम मीना, विधायक प्रतिनिधि महावीर शर्मा, किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष रामेश्वर मीना, पूर्व मण्डल महामंत्री रामचरण अहिरवार, विधायक कार्यालय प्रभारी अरविंद पराशर, मण्डल मंत्री दीपक उपाध्याय, वरिष्ठ कार्यकर्ता नवल अग्रवाल, रविन्द्र कश्यप, पूर्व पार्षद नरेन्द्र शर्मा, विधायक प्रतिनिधि राहुल मीना , रामस्वरूप साहू, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सेन, जगदीश शिवहरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संचालन मंडल महामंत्री मनीष शिवहरे एवं आभार मण्डल महामंत्री नीरज मालवीय ने व्यक्त किया।

## लाभार्थियों को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बांटे हितलाभ के चेक

### उत्कृष्ट कार्य के लिए नपा अध्यक्ष सविता ने अरविंद गुप्ता के प्रयासों को सराहा

नवभारत न्यूज

**गुना।** नगर पालिका परिषद गुना द्वारा आयोजित स्वनिधि महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री और क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया शामिल हुए। कार्यक्रम में उन्होंने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को हितलाभ के चेक वितरित किए और कई हितग्राहियों से मंच पर उनके अनुभव साझा करवाए। अपने संबोधन में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के उन गरीब और रेहड़ी-पटरी वालों की चिंता की है, जिनकी तरफ पहले कोई ध्यान नहीं देता था। केंद्र सरकार अंतिम छोर के



व्यक्ति को समाज की मुख्य धारा में लाकर वर्ष 2047 के विकसित भारत के विजन को पूरा कर रही है। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने गुना नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता की कार्यप्रणाली की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि गुना नगर पालिका ने 75 प्रतिशत से अधिक पात्र लाभार्थियों को स्वनिधि योजना का लाभ दिलाया है, जो बेहद उल्लेखनीय और उत्कृष्ट कार्य है। कोरोना काल जैसी विपरीत परिस्थितियों में जब लोगों के पास रोजगार नहीं था, तब सविता अरविंद गुप्ता के कुशल नेतृत्व में नगर पालिका की टीम ने घर-घर जाकर सर्वे किया। इन्हीं सजग प्रयासों की बदौलत गुना नगर ने इस योजना के क्रियान्वयन में पूरे देश में तीसरा स्थान प्राप्त कर शहर का नाम रोशन किया है। आज 10 हजार से अधिक हितग्राही आत्मनिर्भर होकर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं।

### गुना को मिलीं करोड़ों की विकास सौगातें

स्वागत भाषण देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने गुना के चहुंमुखी विकास के लिए सांसद सिंधिया का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि सिंधिया के प्रयासों से गुना को वर्ष 2050 तक की पेयजल समस्या से निपटने के लिए 45 करोड़ की जल प्रदाय योजना, युवाओं के लिए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, रोजगार के लिए ढाई हजार करोड़ की सीमेंट फैक्ट्री, दो नए ओवरब्रिज और कई ट्रेनों की सौगात मिली है। कार्यक्रम के अंत में मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेश अवस्थी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## बीनागंज से घर का रास्ता भटकी 10 वर्षीय मासूम



**गुना/चाचौड़ा।** जिले के चाचौड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीनागंज चौकी के पास रविवार रात एक 10 वर्षीय मासूम बच्ची रास्ता भटक गई, जिसे डायल-112 के जवानों ने तत्परता दिखाते हुए सुरक्षित उसकी माँ के सुपुर्द कर दिया। पुलिस की इस मानवीय और त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में काफी सराहना हो रही है। रविवार (28 जून) रात करीब 10:35 बजे राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को सूचना मिली कि बीनागंज चौकी के पास एक छोटी बच्ची अकेली घूम रही है और वह अपने घर का रास्ता भूल गई है। सूचना मिलते ही चाचौड़ा क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को तुरंत मौके के लिए रवाना किया गया। घटनास्थल पर पहुंचे डायल-112 के स्टाफ आरक्षक नरेश मंडेरिया और पायलट राहुल मीणा ने बच्ची को अपनी सुरक्षा और संरक्षण में लिया। जवानों ने जब बच्ची से प्यार से पूछताछ की, तो उसने अपना नाम और घर 'बूढ़ी बरसत' गांव में होना बताया, लेकिन वह वहां जाने का रास्ता नहीं जानती थी। इसके बाद पुलिस जवान मासूम को अपने साथ एफआरवी वाहन में बैठाकर बताए गए गांव पहुंचे। गांव में खोजबीन करने पर बच्ची की माँ मिल गईं। बच्ची द्वारा अपनी माँ को पहचानने और उचित सत्यापन के बाद पुलिस ने मासूम को सुरक्षित उसकी माँ की गोद में सौंप दिया।

## हिलगना बस प्रतीक्षालय में मिला युवक का संदिग्ध शव

**गुना।** गुना में एबी रोड स्थित हिलगना बस प्रतीक्षालय में सोमवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक सोमवार 29 जून की सुबह करीब 8 बजे एबी रोड स्थित हिलगना प्रतीक्षालय में स्थानीय लोगों और राहगीरों ने एक व्यक्ति को अचेत अवस्था में पड़े हुए देखा। पास जाकर देखने पर शरीर में कोई हलचल नहीं थी, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को पंचनामा बनाकर जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम में रखवा दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, मृतक की उम्र लगभग 45 वर्ष है। उसने काले रंग का पेंट और सफेद रंग की शर्ट पहन रखी है।

## 3 और 4 जुलाई को होगा जूडो के लिए प्रतिभा चयन

**गुना।** वर्ष 2026-27 के लिए राज्य खेल अकादमियों में खिलाड़ियों के प्रवेश हेतु प्रतिभा चयन कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसी कड़ी में मध्य प्रदेश राज्य खेल अकादमी (जूडो) के लिए खिलाड़ियों का चयन दिनांक 3 और 4 जुलाई 2026 को गुना के संजय स्टेडियम खेल परिसर में किया जाएगा। चयन प्रक्रिया में भोपाल से आए विशेषज्ञ खेल अधिकारी और चयनकर्ता शामिल होंगे। इस दौरान जिले के प्रतिभावान जूडो खिलाड़ियों के कौशल का परीक्षण किया जाएगा, जिसके आधार पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आगामी चयन प्रक्रिया के लिए चुना जाएगा।



## सीसीटीएनएस में प्रदेशभर में दूसरा मुकाम, डिजिटल पुलिसिंग में चमका गुना

**गुना।** आधुनिक तकनीक और स्मार्ट पुलिसिंग के दम पर गुना पुलिस ने पूरे मध्य प्रदेश में सफलता का परचम लहराया है। अपराध नियंत्रण और विवेचना प्रणाली को हाईटेक बनाने के उत्कृष्ट प्रयासों के चलते सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स) के सफल क्रियान्वयन में गुना पुलिस को प्रदेश स्तर पर द्वितीय स्थान हासिल हुआ है। यह गौरवशाली उपलब्धि गुना पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के कुशल नेतृत्व, दूरदर्शी सोच और प्रभावी मॉनिटरिंग का शानदार प्रतिफल है। एसपी हितिका वासल की प्राथमिकता के चलते जिले के सभी थानों में अपराध पंजीयन, विवेचना और अपराधियों के रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण बेहद गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए 28 जून 2026 को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय सेमिनार में गुना पुलिस को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय न्यायमूर्ति संजीव कालगांवकर (हाई कोर्ट म.प्र.) और मध्य प्रदेश के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने गुना जिले के सीसीटीएनएस नोडल अधिकारी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन को शील्ड प्रदान कर इस गरिमामयी सम्मान से नवाजा। गुना पुलिस आम नागरिकों को बेहतर और पारदर्शी सेवाएं देते रहेंगे।

**अनोखा रूप** 'महाराज' कहे जाने वाले सिंधिया अपने 25 साल के राजनीतिक जीवन में पहली बार एक अलग अंदाज में नजर आए

# लखपति दीदियों के साथ केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने बेलीं पूड़ियां

नवभारत न्यूज

**गुना।** केंद्रीय संचार एवं उत्तर-पूर्व क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के चार दिवसीय गुना दौरे के दौरान रविवार शाम उनका एक बेहद अनोखा और सादगी भरा रूप देखने को मिला। अमूमन ग्वालियर राज परिवार के मुखिया के रूप में 'महाराज' कहे जाने वाले सिंधिया अपने 25 साल के राजनीतिक जीवन में पहली बार एक अलग अंदाज में नजर आए।

हरीपुर पंचायत क्षेत्र में महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित जिज्जी की पंचायत रेस्ट्रो मार्ट कैंटीन के किचन में पहुंचे और वहां दीदियों के साथ खुद पूड़ी बेलने लगे। सिंधिया का यह आत्मीय अंदाज पूरे क्षेत्र में चर्चा



का विषय बना हुआ है। दरअसल, केंद्रीय मंत्री यहां संघर्ष से समृद्धि तक, लखपति दीदी की प्रेरक उड़ान थीम पर आयोजित सम्मान समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने दीदियों से सीधा संवाद कर उनके संघर्ष, सफलता और भविष्य की योजनाओं की जानकारी ली। महिलाओं का हौसला बढ़ाते हुए सिंधिया ने कहा कि सपने सिर्फ देखने के लिए नहीं, बल्कि साकार करने के लिए होते हैं। 'विकसित भारत-2047' के निर्माण में महिलाओं की भूमिका सबसे अहम है और जब भी उन्हें कोई जिम्मेदारी मिलती है, वे उसे और अधिक बेहतर ढंग से निभाती हैं। कार्यक्रम में आजीविका मिशन से जुड़ी मीनाक्षी दीदी ने अपनी प्रेरक कहानी साझा करते हुए बताया कि पिछले दो वर्षों में वे लगभग एक करोड़ रुपये का टर्नओवर कर चुकी हैं और उनके साथ 100 महिलाएं काम कर रही हैं। मिशन की बदौलत ही उनका हवाई सफर का सपना भी पूरा हुआ। समारोह में अन्य महिलाओं ने भी नए कौशल सीखकर आत्मनिर्भर बनने का संकल्प दोहराया। अंत में सिंधिया ने सभी लखपति दीदियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### मूड़रा हनुमान को मिला 220 केवीए का सब स्टेशन, सिंधिया बोले-विकास यात्रा निरंतर जारी रहेगी

**गुना।** केंद्रीय संचार एवं उत्तर-पूर्व क्षेत्र विकास मंत्री और क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को बमोरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मूड़रा हनुमान में 220 केवी विद्युत सब स्टेशन का शिलान्यास एवं भूमि पूजन किया। इसके बाद उन्होंने विश्व नगर में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। बता दें कि केंद्रीय मंत्री सिंधिया अपने संसदीय क्षेत्र गुना-अशोकनगर के विकास कार्यों को गति देने के लिए 26 जून से लगातार धुआंधार दौरों और विभिन्न विकास कार्यक्रमों में सम्मिलित हो रहे हैं, जिसका समापन सोमवार को हुआ। विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बमोरी और आसपास के क्षेत्रों में कराए गए विकास कार्यों का लेखा-जोखा जनता के सामने रखा। उन्होंने कहा कि इस नए 220 केवी विद्युत सब स्टेशन के निर्माण से क्षेत्र की बिजली समस्या का स्थाई समाधान होगा और किसानों व आम नागरिकों को निर्बाध बिजली की आपूर्ति मिल सकेगी।

अपने उद्बोधन में सिंधिया ने भावुक होते हुए कहा कि जनता की सेवा की यह यात्रा कभी रुकने वाली नहीं है, यह हमेशा जारी रहेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार का भी यही एकमात्र लक्ष्य है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचे और क्षेत्र प्रगति के पथ पर आगे बढ़े।


नवभारत

जामनेर, रूठियाई, बमोरी, भादौनी महु, मयाना, सांडा कॉलोनी, गुना मे नवभारत समाचार पत्र वितरण के लिए एजेंसी देना है इच्छुक उम्मीदवार



संपर्क करें
भूपेन्द्र पटवा
प्रसार इंचार्ज
मो. 7828549007